# दिल्ली पब्लिक स्कूल गया

## परिपत्र

### 'अंतर–सदन हिन्दी लघु–कथा वाचन' प्रतियोगिता (छठीं से आठवीं)

दिनांकः 13 अगस्त, 2026

प्रिय शिक्षकगण,

अभिवादन,

दिल्ली पब्लिक स्कूल गया की सदन प्रणाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उनके विविध कौशलों को विकसित करने में सदैव सहायता करती रही है। 'लघु–कथा' एक ऐसी विधा है जिसमें संक्षिप्तता, सूक्ष्मता और सांकेतिकता के साथ–साथ अर्थ बोध और गहन मानवीय मूल्यों की सीख भी मिलती है। विद्यार्थियों में वाचन–कौशल, भाव–प्रदर्शन और उनके सार्वभौमिक व्यक्तित्व के विकास हेतु विद्यालय में आगामी 18 अगस्त, मंगलवार को प्रातः 07:50 बजे से 8:50 बजे तक द्वितीय व तृतीय कालांश में सी–ब्लॉक, पंचम तल, हॉल में 'अंतर–सदन लघु–कथा वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।

| | प्रतियोगिता कार्यक्रम सूची | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1. | विद्यार्थियों का आगमन | 5 मिनट |
| 2. | प्रतियोगिता परिचय | 2 मिनट |
| 3. | नियमावली परिचय | 3 मिनट |
| 4. | काव्य–पाठ प्रस्तुति | 40 मिनट |
| 5. | प्रधानाचार्य –संबोधन सह प्रमाण–पत्र वितरण | 5 मिनट |
| 6. | विद्यार्थियों का प्रस्थान | 5 मिनट |

**प्रतियोगिता नियमावलीः–**

प्रतिभागियों को दी गई विषय सूची में से किसी एक कहानी का लघु रूप अपने शब्दों में प्रस्तुत करना होगा।

प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी लघु–कथा प्रस्तुति हेतु निर्धारित समयावधि 3–4 मिनट का समय दिया जाएगा।

प्रस्तुत कथा की भाषा–शैली, उच्चारण, समय–सीमा, प्रस्तुति और मौलिकता के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा।

प्रतिभागी द्वारा निर्धारित समय से अधिक समय लेने पर निर्णायकगण अंक काटने के लिए स्वतंत्र होंगे।

विजेता सदन के अतिरिक्त अन्य तीन सदनों में से लघु–कथा की उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागी को 'उत्कृष्ट प्रस्तोता पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा।

*श्रोतागणः सातवीं कक्षा के विद्यार्थी श्रोता के रूप में सभागार में उपस्थित रहेंगे। दूसरे कालांश में शिक्षक अपने–अपने वर्ग के विद्यार्थियों को सुबह 07:45 बजे सभागार में ले आएँगे तथा तृतीय कालांश में कार्यक्रम–समाप्ति के पश्चात उन्हें वापस अपने–अपने वर्ग में ले जाएँगे ।*

*ध्यातव्यः जिन शिक्षक–शिक्षिकाओं को कार्यक्रम संबंधी उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं, वे आयोजन तिथि को कार्यक्रम–स्थल पर प्रातः 07:45 बजे कृपया अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें ।*

प्रधानाचार्य